हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 3 मई 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 34.2 डिग्री

4 श्रमिक दिवस से नहीं कोई सरोकार हाड़-तोड़ मेहनत में बीत गया दिन



## खबर संक्षेप

### मुम्बई के कलाकारों के बीच होगा कव्वाली का मुकाबला

**अम्बिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स में मुम्बई के मशहूर कव्वाल कव्वाला शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर कमेटी द्वारा तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई है। बता दें कि सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स 20, 21 व 22 मई को आयोजित किया जाएगा। उर्स के तहत 20 मई को जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली जाएगी जबकि 21 व 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। अंजुमन कमेटी के सदर व आयोजन समिति के संयोजक इरफान सिद्दीकी ने बताया कि उर्स के दौरान 21 मई को मुंबई के मशहूर कव्वाल वसीम शाबरी व रानी वारसी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को अंतिम दिन मुंबई के कव्वाल जुनैद सुल्तानी व कव्वाला रानी वारसी के बीच मुकाबला होगा।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू से लापता हुआ मरीज

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भर्ती मरीज स्टाफ का बिना बताए ही कहीं चला गया। आज मरीज के बेड पर नहीं होने पर घटना की सूचना अस्पताल के स्टाफ ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस अचानक आईसीयू से लापता हुए मरीज की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ठाकुरपुर निवासी कमलेश आ. सुखसेन (47 वर्ष) का पेट में परेशानी होने पर चिकित्सकों ने 27 अप्रैल को उसका ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद उसे मेडिकल आईसीयू में रखा गया। आज शाम लगभग 7 बजे मेडिकल आईसीयू के स्टाफ ने बेड पर जाकर देख तो मरीज बेड पर नहीं था। मरीज के अचानक बिना बताए कहीं चले जाने पर स्टाफ अस्पताल परिसर सहित आसपास खोजबीन की परंतु मरीज का कहीं पता नहीं चला। जिस पर स्टाफ ने पुलिस सहायता केन्द्र के पुलिस कर्मियों को मरीज के लापता हो जाने की सूचना दी, सूचना पर पुलिस मरीज की तलाश में जुट गई है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 4 को सूरजपुर में

**अम्बिकापुर।** भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी नितिन नवीन गुरूवार को अंबिकापुर होते हुए सूरजपुर



पहुंचेंगे तथा 4 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की चुनावी जनसभा की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे।

### भकुरा परिसर में एसजीजीयू लगाएगा सब स्टेशन

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन ने आगामी शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व ग्राम पंचायत भकुरा स्थित निर्माणाधीन परिसर में प्रशासनिक कार्यालय सहित शिक्षण विभागों के स्थानांतरण की तैयारियां प्रारम्भ कर दी है। अधिकारी लगातार परिसर का भ्रमण कर आवश्यकता के अनुसार मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की पहल कर रहे हैं। भकुरा परिसर में भवनों का निर्माण वर्षों से चल रहा है। निर्माण कार्यों के लिए परिसर में सिंगल फेस की बिजली से काम चलाया जा रहा है। प्रशासनिक कार्यालय एवं शिक्षण विभागों को स्थानांतरित करने के बाद सभी भवनों में विद्युत विस्तार करने के साथ ही आवासीय कालोनी में बिजली की जरूरत पड़ेगी। पहाड़ी के एकांत में परिसर के बड़े क्षेत्र को भी रोशन करने की जरूरत पड़ेगी। विश्वविद्यालय कार्यालय में भी दर्जनों कम्प्यूटर सहित अन्य मशीनें संचालित है। ऐसे में विवि प्रबंधन ने भकुरा परिसर में स्वयं का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया है। परिसर में नेटवर्क सुविधा की भी जरूरत पड़ेगी।

### लगी आग को बुझाने के लिए फायर वाचर का उपयोग नहीं

# आग की लपेट में बादलखोल अभयारण्य, नींद में है विभाग



जंगल में आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


नारायणपुर के समीप जशपुर जिले का एक मात्र बादलखोल अभ्यारण के जंगल आज कल आग की लपेट मे है।

बादलखोल अभ्यारण के शाहीडांड से बंच्छराव जानेवाले मार्ग पर दहकुतला के किनारे दिन में ही आग धधक रही है। अभ्यारण के कर्मचारी दिन में लगी आग के बुझाने में सक्षम नहीं है तो अंदाजा लगाया जा सकता है की रात में लगाने वाली आग को बुझाना कैसे संभव हो पाएगा। अभ्यारण में तैनात कर्मचारी दिन रात गस्ती करने का दम भरते दिखाते है। लेकिन सड़क के किनारे लगी आग भी उनकी आंखों से ओझल कैसे हो जाते है। या तो कर्मचारी इसे अनदेखा करते है या जंगल में लगानेवाली आग उनके लिए कोई मायने नहीं रखती है।शासन प्रशासन जंगलों को आग से बचाने के लिए लाखों करोड़ों खर्च करती है। लाखो का उपकरण फायर वाचर दिया जाता है ताकि आग लगाने पर काबू पाया जा सके। परंतु दिन में लगी आग को बुझाने के लिए फायर वाचर का उपयोग नहीं किया जाता है क्यों?। अभ्यारण में रहने वाले वनवासी या आसपास के ग्रामीणों से तालमेल नहीं रखना भी आग लगाने के कारणों में से एक है जब ग्रामीणों द्वारा कर्मचारियों को आग लगाने की सूचना दी जाती है तो कर्मचारियों का अनदेखा किया जाना जंगल के सफाया का ये भी एक कारण है। अगर इसी तरह जंगलों का सफाया होयता रहा तो तो हम आने वाली पीढ़ी को केवल तस्वीरों में ही जंगल दिखा पाएंगे। देखना है विभाग कुंभकर्णी नींद से कब जगती है ताकि जंगलों को आग से बचाया जा सके बचाया जा सके।

## ये आग कब बुझेगी, धधक रहा जंगल

**जशपुरनगर।** जैसा कि शीर्षक से ज्ञात हो रहा है की जिले के जंगलों में लगाने वाली आग कब तक बूझेगी ये तो आज तक कोई नही बता पा रहा है। जंगलों में लगाने वाली आग से पूरे जिले के जंगल धधक रहें है। जंगलों के धधकने के कारण जशपुर, सन्ना, पंडरा पाठ जैसे पहाड़ी जंगली इलाकों में भी तापमान बढ़ने के कारण भभकने की स्तिथि में आता जा रहा है। हरिभूमि ने जब जिले के जंगलों में जमीनी स्तर पर खोजबीन और जांच पड़ताल करने का प्रयास किया तो लगभग हर वन परिक्षेत्र की स्तिथि एक जैसी ही है। जशपुर से लेकर मनोरा, घाघरा, सोनक्यारी, सन्ना और पंडरा पाठ सभी जगह जंगलों में आग लगी हुई है। खास बात यह है की आग सड़क के किनारे ही लगी है जो की रास्ते पर चलते हुए ही नजर आ रहा है। अगर आग जंगलों के बीच लगेगी तो कैसे बुझेगीं ये विचारणीय प्रश्न है। स्थानीय लोग वनोपज की चाह में बेधड़क जंगलों में आग लगा रहें है। कुछ लोग महुआ के फूल तो कुछ सरई बीज की चाह में जंगलों में आग लगाते है। ग्रामीणों का सोचना हैं की आग की तपस से जमीन मे पड़ने वाली दरार में पुटू पड़ा होता है। जिस कारण जंगल में आग लगाई जाती है। ग्रामीणों में जंगल को बचाने के लिए जागरूकता की जरूरत है।

***जंगल में आग लगाने जैसे अपराध पर क्या है कानूनी सजा :*** जंगल में आग लगाते हुए पाए जाने पर कानूनी रूप से तीन साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही 25000 हजार रुपए का जुर्माना हो सकता है। वैसे ही आग लगाने वाले या आग लगने की सूचना देने वाले को 1500 से 2000 रुपए का इनाम दिया जाता है।



### जंगल को आग से बचाने पूरी कोशिश

विभाग जंगल में लगने वाली आग से वनों को बचाने का पूरा प्रयास कर रहा है। हमारे पास उपलब्ध संसाधनों को पूरी तरह झोंक दिया गया है। ताकि जंगलों को लगाने वाली आग से बचाया जा सके। विभाग द्वारा ग्रामीणों को भी वन प्रबंधन समिति के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है जिससे जंगल में ग्रामीणों द्वारा आग न लगाया जाए। ग्रामीणों को यह समझने का प्रयास किया जा रहा है की जंगल में आग लगना दंडनीय अपराध है। जंगलों को आग से बचाने के लिए हमारे द्वारा हर बिट में एक वन रक्षक और एक फायर वाचर दिया गया है 28 से 30 लोगो की टीम बनाकर जंगलों की रक्षा की जा रही है। जिले में 40 ब्लोवर दिया गया है।

**जितेंद्र उपाध्याय**, डीएफओ जशपुर

# चेन स्नेचिंग करने के मामले में दो आरोपी जशपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चेन स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से गला हुआ सोना, कार के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ प्रदेश के साथ उड़ीसा, मध्यप्रदेश में भी अपराध दर्ज है और अपराधी पूर्व में भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के भट्ठी रोड केदारपुर निवासी अनिल कुमार शाह के माता पिता 24 अप्रैल को स्कूटी से पत्नी को बैठकर रिस्तेदार के घर लक्ष्मीपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान अस्पताल रोड में मणीपुर के समीप एक लाल रंग की बाइक पर दो युवक पीछे से पहुंचे और अनिल कुमार शाह की मां के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने चेहरे को नकाब से ढका हुआ था। युवक द्वारा घटना की शिकायत मणीपुर पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस टीम हरकत में आई। इस दौरान पुलिस ने चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान साइबर सेल व पुलिस की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जशपुर जिले के पत्थलगांव दीवानपुर निवासी 32 वर्षीय मंजय कुमार नट व 21 वर्षीय राजेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मंगलसूत्र को गांव में आने वाले फेरी वाले सोनार से गलवाकर अपने रेनॉल्ट कार में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों से गला हुआ 15 ग्राम सोना, घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ ही कार को बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ जशपुर में भी चोरी, लूटपाट, झपटमारी समेत दर्जनों अपराध दर्ज है जबकि रायगढ़, बैकुंठपुर, महासमुंद, उड़ीसा सुन्दरगढ़ उड़ीसा, मध्यप्रदेश की पन्ना पुलिस द्वारा भी आरोपियों के खिलाफ चलानी कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस ने आरोपियों को धारा 356, 379, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर प्रदीप जायसवाल, एसआई प्रेमसागर खुटिया, सउनि अजीत मिश्रा, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सतीश सिंह, महेश सिंह, आरक्षक अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, वीरेंद्र पैकरा, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, उपेंद्र सिंह, कुश सोनी, दिनेश यादव, अतुल शर्मा, इम्तियाज अली शामिल रहे।

**खास बातें**

- घटना की शिकायत मणीपुर पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस टीम हरकत में आई
- आरोपियों से गला हुआ 15 ग्राम सोना, घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ ही कार बरामद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जुआ व आर्म्स एक्ट के 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस जशपुर द्वारा विशेष अभियान चलाकर जुआ एवं आर्म्स एक्ट के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले प्रकरण में थाना फरसाबहार क्षेत्र के मटपहाड़ में जुआ खेलने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। 01-02 मई के मध्य रात्रि में इन्वर्टर बल्ब जलाकर जुआ खेले जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल थाना प्रभारी बागबहार एवं चौकी प्रभारी कोतबा के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये गए मटपहाड़ नामक गांव में पहुंचकर इन्वर्टर बल्ब जलाकर जुआ खेलते पाये जाने पाये पर फड़ की घेराबंदी कर दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ का नगदी रकम, मोबाईल, वाहन, ताश-पत्ती, बल्ब इत्यादि जप्त किया गया। कुछ आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गये। पुलिस द्वारा आरोपी 1-जनक यादव उम्र 65 साल निवासी मटपहाड़, 2-बरत राम नाग उम्र 30 साल निवासी बगईझरिया, 3-राजेन्द्र चौहान उम्र 43 साल निवासी बहमा थाना लैलुंगा, 4-अरविंद यादव उम्र 32 साल निवासी बहमा थाना लैलुंगा, 5-घनश्याम यादव उम्र 25 साल निवासी छातासरई का कृत्य धारा 3(2) जुआ एक्ट का पाये जाने से उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से कुल नगदी रकम 29,150 /- (उनतीस हजार एक सौ पचास रूपए), 05 नग मोबाईल, 03 मोटर सायकल, इन्वर्टर बल्ब एवं 52 ताश-पत्ती जप्त किया गया है।

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, उप निरीक्षक समरेन्द्र सिंह, अरविन्द साय पैंकरा, वीरेन्द्र सनमानी, सुखदेव सिदार, कोसमोस तिर्की, दिनेश यादव, घनश्याम प्रजापति, बूटा सिंह, पंकज तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दूसरे प्रकरण में मुखबिर से थाना कुनकुरी को सूचना मिली कि बस स्टैंड कुनकुरी में एक व्यक्ति अवैध रूप से पिस्टल अपने पास रखा है। पिस्टल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल थाना कुनकुरी स्टॉफ ने रेड कार्रवाई करते घेराबंदी कर मुखबिर के बताए स्थान पर आरोपी को सुलभ शौचालय के पास छिपते दिखा जिसे घेराबंदी कर संदेही अभियुक्त केदारनाथ यादव को अभिरक्षा में लेकर उसका तलाशी ली गई।

पूछताछ एवं तलाशी दौरान उसके कब्जे से 1 देशी कट्टा, 5 नग कारतूस, मोबाईल 1 नग कीमती 4 हजार रू.,1 नग मोटर सायकल कीमती 30 हजार रूपए इत्यादि मिलने पर जप्त किया गया। पूछताछ में केदारनाथ यादव ने पिस्टल को एक व्यक्ति के द्वारा उसे देना बताया गया है, इस संबंध में बारीकी से जाँच की जा रही है। आरोपी केदारनाथ यादव उम्र 36 साल निवासी खुटसेरा गंझियाडीह थाना तुमला का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का पाये जाने पर उसे 2 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक मल्लिका बनर्जी, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, छविकांत पैंकरा, सुदर्शन साय पैंकरा, शिवपूजन साय, हरिनंदन साय, आलोक मिंज, सुरेश एक्का, अमित एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

- थाना बागबहार के मटपहाड़ में चल रहे जुए के बड़े फड़ पर छापा मारकर 5 आरोपी व थाना कुनकुरी में पिस्टल रखकर घूम रहे 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त किए गए सामान।

### छानबीन जारी

आरोपी केदारनाथ यादव के पास पिस्टल कैसे आया, इस संबंध में गहन छानबीन की जा रही है, इस संबंध में आने वाले दिनों में खुलासा किया जायेगा। जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

**शशि मोहन सिंह** पुलिस अधीक्षक जशपुर

### सरगुजा पुलिस ने पहली बार की कार्रवाई

# सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने वाले 12 चालक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से भारी वाहनों को खड़ा करने वालों की अब खैर नहीं है। सरगुजा पुलिस द्वारा द्वारा बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा मामले में 12 वाहन चालकों को गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि शहर के रिंग रोड सहित एनएच किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा किया जाता है। वाहनों को खड़ा करते समय उसमें पार्किंग लाइट, सर्केतक नहीं लगाए जाते है और कई बार ऐसी लापरवाही के कारण लोगों की सड़क दुर्घटना में मौतें हो चुकी है। पुलिस द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर ऐसे वाहनों चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई लेकिन पुलिस की समझाइस का कोई असर नहीं हो रहा था ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस व यातायात विभाग की ओर से सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। 24 घंटे के अंदर जिले के 4 थाना अंतर्गत कुल 13 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। बताया जा रहा है कि थाना कोतवाली अंतर्गत रिंग रोड महामाया पेट्रोल पम्प के पास खड़ी भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी यूपी सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज निवासी दीपक कुमार के विरुद्ध धारा 283, रिंग रोड महामाया पेट्रोल पम्प के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी यूपी चंदौली नौबतपुर परेवा निवासी 34 वर्षीय रत्नेश मौर्य के विरुद्ध धारा 283, थाना गांधीनगर अंतर्गत रिंग रोड नमनाकला कार्मेल स्कूल के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी झारखंड के गढ़वा परिहारा निवासी 28 वर्षीय बबलू अंसारी के विरुद्ध धारा 283, रिंग रोड नमनाकला कार्मेल स्कूल के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी यूपी सोनभद्र निवासी 25 वर्षीय रविशंकर के विरुद्ध 283 के तहत गिरफ्तार किया है एवं वाहन क्रमांक सीजी 04 एमआर 1046 के वाहन चालक के विरुद्ध धारा 283, 337 का अपराध दर्ज किया है और उक्त वाहन के चालक की तलाश की जा रही है। वहीं थाना मणीपुर अंतर्गत गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड मणिपुर मे आरोपी दरिमा दमाली निवासी 22 वर्षीय विनय कुमार यादव के विरुद्ध धारा 283, गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड मणीपुर के पास आरोपी दमाली निवासी 28 वर्षीय दिनेश यादव के विरुद्ध धारा 283, गहिरा गुरु आश्रम के सामने दरीपारा निवासी 31 वर्षीय सैयद मोहम्मद के विरुद्ध धारा 283, गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड पर खड़े वाहन के चालक तमिलनाडु कोयंबटूर निवासी 40 वर्षीय वासुदेवनके विरुद्ध 283 का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

**खास बात**

- 13 प्राथमिकी दर्ज, एक चालक की तलाश जारी, आए दिन दुर्घटना में होती है मौतें





# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर दो पंचायत सचिव व कर्मी निलंबित

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने मामले में दो पंचायत सचिव व एक सहायक ग्रेड -03 को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही एक कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान अधिकारी कर्मचारियों की विभिन्न स्थानों व विभागों में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर भोस्कर विलास द्वारा ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम बधियाचुंआ के सचिव दयाराम पैंकरा की ड्यूटी मतदान केंद्र क्रमांक 144 और जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत श्रीगढ़ के सचिव संदीप शर्मा की ड्यूटी मतदान केंद्र क्रमांक 138 में लगाई गई थी। पंचायत सचिवों दयाराम पैकरा व संदीप शर्मा द्वारा मतदान संबंधी गलत जानकारी प्रदर्शित करने पर इन्हें निलंबित किया गया हैं। इनका यह कृत्य दिए गए निर्देशों की अवहेलना एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही को प्रदर्शित करता है। कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप दोनों को निलंबित कर दिया गया है और उनका मुख्यालय जनपद पंचायत अंबिकापुर नियत किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बधियाचुंआ सचिव दया राम पैंकरा को प्राप्त अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत विशुनपुरखुर्द में छत्रपाल, सचिव ग्राम पंचायत ठाकुरपुर को एवं ग्राम पंचायत बधियाचुआं का अतिरिक्त प्रभार हरि सिंह, सचिव ग्राम पंचायत खैरबार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है।

- कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई

2- May- Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/2/2024 8:00 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### परीक्षा परिणाम हुआ घोषित बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा।** माध्यमिक शाला आमापाली संकुल तिलकेजा विकासखंड कोरबा में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसकी घोषणा राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय द्वारा की गई। संस्था की प्रधानपठिका श्रीमती शेख के हाथों से प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अंकसूची देते हुए बधाई दी गई। शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक विद्यालय के सभी बच्चे गर्मी छुट्टी पर घर में ही रहकर पुरानी कॉपी के बचे पन्नों को एकत्र कर रफ कॉपी बनाएं व प्रतिदिन 2 से 20 तक पहाड़ा लेखन करेंगे। दो पेज नकल लिखेंगे व नियमित पुस्तक पाठन अभ्यास करेंगे और 19 जून को आप सभी बच्चे हमसे कॉपी चेक कराएंगे और जो बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक नियमित गृह कार्य अभ्यास किये रहेंगे उन तीन सबसे सुंदर लिखावट,वाले बच्चो को मेरे द्वारा एक एक कम्पास,पेन पुरुस्कार दिया जायेगा।

### बीकन इंग्लिश स्कूल ढेलवाडीह का परीक्षा परिणाम घोषित

**ढेलवाडीह।** बीकन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल ढेलवाडीह का नर्सरी से कक्षा 9 तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता राय ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी प्रथम-दिव्यांश महंत 99.7 प्रतिशत, द्वितीय- इंग्लिश बघेल 98.2 प्रतिशत, तृतीय- ख्याति पटेल 95.7 प्रतिशत, प्रेप-1 प्रथम-दामिनी कश्यप 98.2 प्रतिशत, द्वितीय-अभ्यांश राठौर 96 प्रतिशत, तृतीय अपेक्षा सिंह 95.3 प्रतिशत, प्रेप-2-प्रथम चारुश्री 98.2 प्रतिशत, द्वितीय गौरव यादव 93.6 प्रतिशत, कक्षा 1 प्रथम-युवराज महंत 99.2 प्रतिशत, द्वितीय-नियति निर्मलकर 98 प्रतिशत, कक्षा-2 प्रथम अनिशा साहू 96 प्रतिशत, द्वितीय कल्पना 84.8 प्रतिशत, तृतीय- ज्योति कौर, कक्षा 3 प्रथम-अनंदिता सिंह 95.6 प्रतिशत, द्वितीय आरुषि यादव 86.8 प्रतिशत, तृतीय-अनिशा 84.4 कक्षा9 प्रथम अमन, द्वितीय प्राची राठौर, तृतीय योगिता बनाफर। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में उच्चतम उपस्थिति पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीना शर्मा, शीलप्रभा सोना, प्रेरणा तिवारी, बसंती ठाकुर, सृष्टि देवांगन, राजेश राठौर, दिलबोध महंत, सुश्री श्वेता राणा, कुसुम सहिस, अनिता बनाफर, अन्नु मंडल, रामेश्वरी पटेल, श्रीमती गिरजेश्वरी कैवर्त, सीता पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने डाला डाक मत, 6 मई तक डाल सकेंगे वोट

**कोरबा।** 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के दिन जिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके लिए मतदान की प्रक्रिया बुधवार से शुरु कर दी गई है। 6 मई तक उनके द्वारा वोट डाला जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में उनके लिए वोटिंग की प्रक्रिया शुरु की गई, जिसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वोड डालकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। हाथों में लगी स्याही दिखाकर उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के निर्माण में उन्होंने भी अपनी सहभागिता निभाई है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बहुत सारे कर्मचारी वोट नहीं डाल सके थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार में पानी की समस्या

**कोरबा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार 10 बिस्तरीय अस्पताल संचालित है। यहां 24 घंटे प्रसव तथा आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहती है। अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक होता है। पंरतु पानी की कमी के कारण यहां काफी समस्या हो रही है। अस्पताल से महज लगभग 50 मीटर दूरी पर कोयला खदान आ जाने से भूजल स्तर कम हो गया है जिसके कारण बोर सूख गए हैं। कई बार एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराए जाने के बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। हैवी बालस्टिंग से दीवारों में दरारें पड़ गई है। प्रतिदिन दोपहर को होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ठीक बगल में हाई स्कूल संचालित है।

### केवी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दूसरे की संस्कृति, खानपान, रहन सहन को समझने के उद्देश्य से, राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की जोड़ी की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों के लोगों के बीच बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। राज्य भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और भोजन, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने आदि के क्षेत्रों में एक सतत और संरचित सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे की गतिविधियों का आयोजन करते हैं।

## बैरंग लौट रहे राशन कार्डधारी हितग्राही

# अव्यवस्था: पीडीएस दुकानों में चने शक्कर का गहराता जा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडीएस दुकानों में चना और शक्कर की सप्लाई कम होने से हितग्राहियों को कम मात्रा में खाद्यान्न सामाग्री मिल रही है और कई हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं। चुनावी दौर होने के कारण हितग्राहियों के इस खाद्यान्न कटौती की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है और हितग्राही इसकी शिकायत भी करने लगे हैं।

**खास बात**

- आपूर्ति कम होने से हितग्राहियों को नहीं हो रहा समय पर वितरण

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बीपीएल, अंत्योदय, निराश्रित कार्डधारियों को पीडीएस दुकानों से दी जाने वाली खाद्य सामाग्री में कटौती सामने आ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चलने वाली पीडीएस दुकानों में इस समय यही स्थिति हितग्राहियों के सामने उत्पन्न हो रही है। उनकी मानें तो चना और शक्कर जैसी आवश्यक खाद्य सामाग्री में कटौती हो रही है। वहीं दुकान संचालकों की मानें तो सप्लाई मांग के अनुरूप नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास जितने की डिमांड आती है उतना ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय के दुकानों को आबंटित कर दिया जाता है। जिले में लगभग 400 पीडीएस दुकानें संचालित हैं, जिनमें 60 दुकानें शहर में संचालित हैं। ग्रामीण अंचलों में सप्लाई को लेकर लेटलतीफी की बात समझ में आती है, किंतु शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्री की सप्लाई नियमित नहीं होने की बात गले नहीं उतरती।



पीडीएस दुकान में राशन लेते हितग्राही।

**नान को है सप्लाई का ठेका**

नागरिक आपूर्ति निगम को खाद्य सामाग्री पीडीएस दुकानों में भंडारण करने की जिम्मेदारी में है। जिसके द्वारा ठेके के माध्यम से सभी शहरी और ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्रियों का भंडारण किया जाता है। जिस तरह से हितग्राहियों के सामने खाद सामाग्री में कटौती की जानकारी मिल रही है उससे सप्लाई कंपनी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कई दूरस्थ ग्रामीण अंचल ऐसे हैं जहां पिछले महीने के आधी खाद्य सामाग्री ही पहुंची है। जिसकी शिकायतें लगातार बड़े पैमाने पर हितग्राहियों द्वारा जिला प्रशासन को किए जाने के बावजूद खाद्य सामाग्री की सप्लाई एवं हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाले कार्यों की लंबे समय से समीक्षा भी नहीं हुई है।

## नव विवाहिता की फांसी के फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा की है। यहां निवासरत कामेशकांत जायसवाल की 2 वर्ष पूर्व मुंगेली जिला के जरहागांव क्षेत्र में निवास करने वाली युवती कविता जायसवाल 25 वर्ष से हुई थी। कविता जायसवाल बीती रात को भोजन उपरांत अपने कमरे में सोने चली गई थी इस बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि कविता ने अपने ससुराल में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह लगभग 5 बजे जब कविता की सास नींद से जागी तो उसे फांसी के फंदे में देख उसके होश उड़ गए और उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस की टीम व तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और फंदे से शव को नीचे उतारा गया और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच की गई। हालांकि घटनास्थल पर पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट या किसी अन्य गतिविधि की जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कविता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहरीले जीव के काटने से 13 वर्षीय मासूम की मौत

**कोरबा।** एक 13 वर्षीय मासूम को किसी जहरीले जीव ने काट लिया जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह दादरकला निवासी भरत लाल के 13 वर्षीय पुत्र अभिषेक को मंगलवार की रात किसी जहरीले जीव ने काट लिया था जब अभिषेक ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

## वनांचल क्षेत्र में 70 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुदूर वनांचल क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की अज्ञात व्यक्ति ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी और मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फिलहाल हत्या की वारदात को किसने और क्यों अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक संदिग्ध का नाम सामने जरूर आया है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। जिसके पकड़े जाने के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि उसने आखिर वृद्ध महिला की हत्या क्यों और किसलिए की है।

**खास बातें**

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहुट में कल देर रात हुई थी घटना
- उपचार के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत, आरोपी की खोजबीन में जुटी पुलिस

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिरहुट में निवास करने वाली 70 वर्षीय वृद्ध महिला इतवारी बाई पति स्वर्गीय मंगल साय को मंगलवार की रात लगभग 8 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीट-पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था।

बताया जाता है कि गंभीर स्थिति में पूरी रात महिला घर में ही पड़ी रही। जब अगले दिन बुधवार की सुबह उसके परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान इतवारी बाई की मौत हो गई है। इतवारी बाई की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान पुलिस को धोबीराम नामक युवक पर पुलिस को संदेह है कि उसने इतवारी बाई नामक महिला की हत्या की है। फिलहाल पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई है। जिसे हिरासत में लिए जाने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आखिर इतवारी की हत्या किसने और क्यों की है।

**छत पर सो रहा था युवक, गिरने से हुई मौत**

कोरबा। एक 30 वर्षीय युवक गर्मी से बचने के लिए अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां नींद में सोने के दौरान उसने करवट लेने की कोशिश की और सीधे छत से नीचे आ गिरा। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पहंदा की है। यहां निवास करने वाले गणेश कंवर 30 वर्ष पिता हरिहर सिंह मंगलवार की रात भोजन के उपरांत अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां देर रात को करवट लेने के दौरान गणेश कंवर सीधे छत से नीचे जमीन पर आ गिरा। उसके नीचे जमीन पर गिरते ही उसकी तेज आवाज सुनकर परिजन जाग उठे और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान गणेश कंवर की मौत हो गई।

## सप्ताह में तीन दिन ही जेल में पहुंचते हैं डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों के लोग यहां आना-जाना करते हैं। यही वजह है कि यहां जेल में कैदियों की क्षमता से अधिक रहती है। जिला जेल में स्थाई चिकित्सक की लगभग एक साल पहले सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद से अब तक जिला जेल में स्थाई डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से जेल प्रबंधन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि जेल में बंद कैदियों को परेशानी न हो इसके लिए सप्ताह के सात दिनों में तीन दिन डॉक्टर जेल पहुंचकर कैदियों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग मिलने से जेल प्रबंधन को बार बार कैदियों को अस्पताल ले जाने की जहमत नहीं करनी पड़ती है और खतरा भी नहीं रहता है।

**खास बात**

- लंबे समय से स्थाई डॉक्टर की नहीं हुई है पोस्टिंग

उल्लेखनीय है कि जिला जेल की क्षमता 230 है। जहां हमेशा क्षमता से अधिक बंदी जेल में बंद रहते हैं। जहां जेल में बंद कैदी की स्वास्थ्य जांच के लिए जेल में चिकित्सक की पोस्टिंग की जाती है। पूर्व में डॉ.एमपी राठौर की जिला जेल में पदस्थापना हुई थी। लंबे समय तक जिन्होंने अपनी सेवा जेल में दी थी। बताया जाता है कि 31 जुलाई को डॉ.एमपी राठौर सेवानिवृत हो गए हैं, जिसके बाद से जिला जेल में स्थाई चिकित्सा की पोस्टिंग नहीं हो पाई है। हालांकि स्वास्थ्य अमले ने यहां सप्ताह के तीन दिन चिकित्सक की तैनाती अलग-अलग दिन की है ताकि वहां जेल में बंद कैदियों को परेशानी ना हो, लेकिन अक्सर जेल में किसी न किसी वजह से कैदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे में जेल प्रबंधन को अलग से सुरक्षा बल की डिमांड करनी पड़ती है और खतरा भी बना रहता है। जेल प्रबंधन लंबे समय से स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए लगातार पत्राचार कररहे हैं, लेकिन अब तक डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं होने से जेल प्रबंधन को खासी परेशानी हो रही है। जेलर विजयानंद सिंह ने स्थानीय अफसरों के साथ साथ मंत्रालय में भी स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए पत्राचार किया गया है। अब देखना है कि जेल में कब तक स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग हो पाती है।




**अलग-अलग दिन पहुंचते हैं तीन डॉक्टर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला जेल में कैदियों की इलाज के लिए अस्थाई तौर पर हमर क्लीनिक में पदस्थ चिकित्सकों की अस्थाई तौर पर पोस्टिंग की गई है, जिसमें तीन चिकित्सक अलग अलग दिन पहुंचकर जेल में बंद बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। बताया जाता है कि डॉ.रजत राठौर इमलीडुग्गू स्थित यूएचडब्ल्यूसी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक मंगलवार को जिला जेल पहुंचते हैं जबकि डॉ.हरीश गभेल बेलगरी बस्ती स्थित यूएचडब्ल्यूसी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक गुरुवार तथा डॉ.प्रशस्य मित्र गुप्ता यूएचडब्ल्यूसी सीतामणी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक शनिवार को जिला जेल पहुंचकर बंदियों का इलाज करते हैं।

**किया गया है पत्राचार**

जेल में स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए स्थानीय अफसरों के साथ मंत्रालय में भी पत्राचार किया गया है। फिलहाल अभी तीन दिन अलग अलग चिकित्सक जेल पहुंचते हैं और बंदियों का ईलाज करते हैं। इमरजेंसी में बंदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है।

-**विजयानंद सिंह,** जेलर, जिला जेल कोरबा

## मासूम की मौत के मामले में मां को सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग तीन वर्ष पूर्व तीन वर्षीय मासूम दूध पीने के लिए अपने माँ से जिद्द कर रहा था। इसी दौरान आवेश में आकर माँ ने अपने मासूम बच्चे को फर्श पर पटक दिया था, जिससे मासूम की मौत हो गई थी। इस मामले में माँ के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर महिला को धारा 304 भाग 2 के तहत सात साल सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

मामला बालको थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 की है। यहां निवासरत पी परमिला राव 32 वर्ष पति पी रामचंद्र ने 22 सितंबर 2021 को अपने तीन वर्षीय मासूम पुत्र सांई उर्फ सात्विक जब दूध पीने का जिद्द कर रहा था तो परमिला राव ने अपने पुत्र को फर्श पर पटक दिया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसे परिजन उपचार के लिए बालको अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। जहां पुलिस ने मां परमिला राव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में पेश किया था, जहां मामले की सुनवाई हुई और परमिला राव के खिलाफ धारा 304 भाग 2 के तहत दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल प्रसाद श्रीवास ने पैरवी की।

## यूपी से आकर गट्ठे में कपड़ा बेचने वाले ने शुरू कर दिया जिस्मफरोशी का धंधा, खरीद लिया आलीशान मकान

**कोरबा।** सैक्स रैकेट के मामले में पकड़ा गया सरगना दलाल यूपी से शहर आकर गठ्ठे में कपड़ा बेचता था, फिर उसने जिस्म फरोशी का धंधा शुरू किया और रातोंरात मालामाल हो गया, दलाल ने घुरू में मकान खरीदने के अलावा स्विफ्ट डिजायर कार भी खरीद लिया। पुलिस ने दलाल सहित 11 युवकों व 5 महिलाओं को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में अमेरी गोकुल पार्क, आसमां सिटी, सांई अपार्टमेंट में दबिश देकर बड़े सैक्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया था। पुलिस ने सरगना दलाल घुरू गोकूल पार्क कालोनी निवासी रुखसार अहमद उर्फ जावेद पिता सलीम अहमद सहित 11 युवकों व 5 महिलाओं को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी दलाल रूखसार अहमद उर्फ जावेद मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। 16 साल पहले वह शहर आया आया था और किराए के मकान में रहकर कोलकाता से कपड़ा लाकर शहर में बेचने का काम करता था। कोलकाता आने जाने के दौरान उसकी देह व्यापार करने वाली महिलाओं से जान पहचान हो गई। विगत चार साल से वह कोलकाता व शहर की महिलाओं का ग्रुप बनाकर गोकुल पार्क, आसमां सिटी, सांई अपार्टमेंट में मकान किराए में लेकर महिलाओं को रखकर जिस्म फरोशी का धंधा कर रहा था। बताया जाता है इस धंधे से कमाए रुपयों से उसने गोकुल पार्क में आलीशान मकान व स्विफ्ट डिजायर कार खरीदा है। वह अपने मकान का धंधे के लिए उपायोग नहीं करता था। इस काम के लिए उसी कालोनी में अलग से किराए का मकान लेकर रखा था। वह कार का उपयोग महिलाओं की सप्लाई करने के लिए करता था।

**खास बातें**

- जिस्म फरोशी के धंधे की जानकारी मिलने पर पत्नी चली गई मायके
- दलाल सहित 11 युवक व 5 महिलाएं गए जेल

## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा संपन्न

# लॉयंस क्लब कटघोरा छुरी सेवा कार्यों में अग्रणी: शैलेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब से सम्बंधित संस्था लायंस क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेष अग्रवाल रायगढ़ की आधिकारिक यात्रा सोमवार को मुरली होटल कटघोरा में संपन्न किया गया।

क्लब के अध्यक्ष ला अजय धनोंदिया के द्वारा क्लब के द्वारा किए गए गतिविधियों के बारे में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को क्रमवार जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही किए गए सभी सेवा गतिविधियों का एक एलबम बनाया गया था जिसे भी अतिथि को दिखाया गया ततपश्चात क्लब के द्वारा जो स्थाई प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है उस पर भी रौशनी डालते हुए बताया कि क्लब के द्वारा डॉयलिसिस सेवा सेंटर, पानी टँकी, बस स्टैंड यात्री प्रतिकछालय में वाटर कूलर, शव फ्रीजर व अटल व्यवसाईक परिसर छुरी में वाटर कूलर का संचालन किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब के द्वारा किये गए सभी गतिविधियों का एलबम व स्क्रेप बुक का बारीकी से निरीक्षण करते हुए क्लब की प्रशंशा की । डिर्स्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य जिस प्रकार से किये गए है निश्चित ही प्रशंशनीय है। उन्होंने कहा कि क्लब के द्वारा किये गए सेवा कार्यों की समय से रिपोर्टिंग भी की जा रही है रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण होती है, रिपोर्टिंग के आधार पर ही पूरे डिस्ट्रिक्ट को ज्ञात होता है कि क्लब के द्वारा किस प्रकार से व क्या क्या सेवा के कार्य किये जा रहे है। इस अवसर पर जोन चेयरमैन घनश्याम शर्मा, क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरपर्सन अजय गर्ग, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, अजय श्रीवास्तव, मुकेश गोयल, दीपक गर्ग, मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, जितेंद अग्रवाल, अंकित सिंघल, मुकेश मोटवानी, भारत भूषण, भरत अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, विक्की राजपूत, अंशुल अग्रवाल, तनुज अग्रवाल, राजुदास दीवान, गणेश अग्रवाल, रवि दत्ता, जय गर्ग, लव अग्रवाल, दीपक बंसल, विकेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, हीरालाल यादव, रूपेश सोनी, राकेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।


## स्काउट्स-गाइड्स का रक्तदान शिविर




**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, द्वारा मैं रक्तदान करूंगा, मैं मतदान करूंगा थीम के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जिस तरह रक्तदान आवश्यक है उसी तरह मतदान आवश्यक है यह बताना था। शासकीय मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में शाम 4 बजे तक 22 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। शिविर का शुभारंभ 18 साल के युवा वोटर एवं रोवर थॉमस मार्टिन के रक्तदान से हुआ। थॉमस ने पहली बार रक्तदान किया और वे 7 मई को पहली बार मतदान करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य समन्वयक (मेंबरशिप ग्रोथ) तथा जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने 21वीं बार रक्तदान किया। सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) एवं गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य ने तीसरी बार रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डा. जीएस जात्रा ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने इस हेतु पूरी टीम का आभार जताया।

2- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/2/2024 7:57 PM Page 1





# तीस हजारी कोर्ट में होगी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इसी बीच नई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी अगले महीने से शेड्यूल का दूसरा चरण दिल्ली में शुरू करेंगे। 'राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चलेगी और यह शहर के विभिन्न हिस्सों को कवर करेगी। आउटडोर और इनडोर दोनों शूटिंग ज्यादातर तीस हजारी कोर्ट क्षेत्र के पास निर्धारित हैं। कलाकार मुख्य रूप से कोर्टरूम ड्रामा दृश्यों की शूटिंग के लिए दिल्ली आ रहे हैं। 'जॉली एलएलबी 3' को विभिन्न राज्यों में शूट किया जाना है।

लाइफ Style

# इलियाना

## 'बर्फी' में काम करना पड़ा महंगा

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही फिल्म 'दो और दो प्यार' में नजर आईं इलियाना डिक्रूज ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में कीं, जिनमें अक्षय कुमार की 'रुस्तम' और रणबीर कपूर की 'बर्फी' शामिल हैं। इन दोनों ही फिल्मों में इलियाना की परफॉर्मेंस पसंद की गई थी।

बॉलीवुड में काम करने के चक्कर में इलियाना डिक्रूज को साउथ की फिल्मों में काम मिलना मुश्किल हो गया। इलियाना ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की। इलियाना का इस बात को लेकर दर्द छलका कि न तो बॉलीवुड में उनका काम नोटिस किया गया और ना ही साउथ में खास मौके ही मिले। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 'बर्फी' में काम किया, तो लोगों ने मान लिया कि अब वह साउथ की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं। इस धारणा की वजह से उन्हें साउथ सिनेमा से फिल्मों के ऑफर मिलना बंद हो गए। इलियाना ने कहा, मैंने साउथ से बॉलीवुड में कोई शिफ्ट नहीं किया था। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी क्योंकि मुझे 'बर्फी' की कहानी पसंद आई थी। यह एक अलग तरह की फिल्म थी। मैंने सोचा कि मुझे ऐसी फिल्म करने का दोबारा मौका नहीं मिलेगा। अगर मैंने इसे ठुकराया तो यह मेरी बेवकूफी होगी। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं अपना बेस बॉलीवुड में शिफ्ट कर रही हूं, और फिर कभी साउथ की फिल्में नहीं करूंगी। लेकिन मुझे लगता है कि जब मैंने 'बर्फी' साइन की, तो लोगों ने यह अजीब धारणा बना ली कि ये तो अब बॉलीवुड जा रही है।



हॉलीवुड मसाला



# 'द सोशल...' का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** अमेरिकी लेखक, निर्माता और निर्देशक एरोन सॉर्किन ने 'द टाउन' पॉडकास्ट की लाइव रिकॉर्डिंग के दौरान पुष्टि की कि वह वर्तमान में 'द सोशल नेटवर्क' के किसी सीक्वल पर काम कर रहे हैं। बता दें कि फेसबुक के बनने की कहानी के बारे में फिल्म की पटकथा के लिए इन्होंने ऑस्कर जीता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब वह फेसबुक से ही जुड़े किसी परियोजना पर काम कर रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान सॉर्किन ने सोशल मीडिया कंपनी के हाल के वर्षों के बारे में कहा, 'देखो, मैं इसके बारे में लिखूंगा।' मैं 6 जनवरी के लिए फेसबुक को दोषी मानता हूं।




# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री...

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं। इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है। बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है, जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।



# 'बाहुबली' का हिस्सा बनने वाली थीं

**नई दिल्ली।** पिछले साल आई मूवी खुफिया की चारु रवि मोहन आपको याद ही होंगी। इस किरदार में वामिका गब्बी ने ऐसा जबरदस्त काम किया था कि बहुत बार वो तब्बू जैसी मंझी हुई एक्ट्रेस पर भारी पड़ गई थीं। वामिका गब्बी जितने शानदार कैरेक्टर कर चुकी हैं, उतनी ही ज्यादा वो अपने बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। एक बार वो भी नेपोटिज्म पर सवाल उठाते हुए बता चुकी हैं कि एक बड़े स्टार की बेटी के चक्कर एक मूवी से उन्हें निकाल दिया गया था। अब उनका एक और इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो बाहुबली का हिस्सा बनने वाली थीं, लेकिन ये हो नहीं सका। वामिका गब्बी के इंटरव्यू की एक क्लिपिंग के मुताबिक वामिका गब्बी को बाहुबली में रोल ऑफर हुआ था।



# सोनू को कहा जाता है गरीबों का मसीहा

**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद को 'गरीबों का मसीहा' कहा जाता है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और वाट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का वाट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया।

टीवी मसाला

# पुरानी यादों में खोई दिखीं मौनी

**मुंबई।** टेलीविजन की दुनिया में मौनी रॉय अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बेहतरीन अदाकारी के लिए भी मशहूर हैं। मौनी रॉय महज 19 साल की थीं जब उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में अपना कदम रखा था।



अभिनेत्री ने एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से टेलीविजन में डेब्यू किया था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान मौनी पुरानी यादों में खोई दिखीं। मौनी रॉय पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टिंग में अपना करियर बनाऊंगी। उन दिनों गर्मी की छुट्टियां चल रही थी। मैं अपने कॉलेज के बाहर टहल रही थीं, तभी किसी ने मेरे कंधे को थपथपाया और मुझ से पूछा कि क्या मैं एक सीरियल के लिए ऑडिशन देना चाहूंगी'। 'मैंने यूं ही हां कर दिया और ऑडिशन देने के लिए तैयार हो गई। मैंने सोचा था छुट्टियों में यह काम करके देखती हूं, कैसा लगता है'। मौनी रॉय ने तब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लिए ऑडिशन दिया था और वे शो में अगली पीढ़ी के बच्चों के रूप में शामिल हो गईं। इसके बाद मौनी रॉय ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वे टीवी इंडस्ट्री की बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं।

## 'कृष्णा मोहिनी' में देबात्मा निभा रहीं खास रोल

**नई दिल्ली।** शो 'शौर्य और अनोखी की कहानी' में अनोखी भल्ला के किरदार से लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस देबात्मा शाह अब कलर्स टीवी के शो 'कृष्णा मोहिनी' में कृष्णा के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'शो एक मजबूत कहानी लेकर आया है जिसकी कई परतें हैं।' फहमान खान और देबात्मा शाह 'कृष्णा मोहिनी में एक साथ नजर आएंगे। इसका प्रीमियर सोमवार 29 अप्रैल को हुआ। शो के ट्रेलर ने अपनी मजबूत कहानी से दर्शकों को आकर्षित किया है। देबात्मा शाह ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, 'शो में 'कृष्णा' मोहन की 'सारथी' है। वह एक जिम्मेदार लड़की है और बहुत मासूम भी है। वह समझदार और मेहनती है। उसका जीवन अपने भाई की देखभाल के इर्द-गिर्द घूमता है, लेकिन उसके भाई के बारे में एक बड़ा रहस्य है, जिसके बारे में वह नहीं जानती।'



# किसानों से चंदा लेकर बनी थी फिल्म 'मंथन'



**नई दिल्ली।** आजकल के दौर में एक फिल्म बनाने में मेकर्स कई सौ करोड़ का खर्चा कर दे रहे हैं। वहीं एक समय था जब एक फिल्म बनाने के लिए मेकर्स ने लोगों से चंदा लिया था। इस फिल्म को चंदा लेकर कुछ लाख रुपए में बनाई गई, लेकिन फिल्म सुपरहिट रही और खूब कमाई की। यहां बात हो रही है 1976 में रिलीज हुई फिल्म मंथन की। खबरों के अनुसार मई में आयोजित होने जा रहे 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन को दिखाया जाएगा। 'मंथन' एकमात्र इंडियन फिल्म है, जिसे इस साल फेस्टिवल के कान्स क्लासिक सेक्शन के तहत सेलेक्ट किया गया है।

### मिले दो नेशनल अवार्ड

श्वेत क्रांति यानी दुग्ध क्रांति पर आधारित इस फिल्म को बनाने के लिए 5 लाख किसानों ने चंदा दिया था। खबरों के अनुसार, 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपए चंदे के तौर पर दिया और इस चंदे की राशि से फिल्म बनी. फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसे एक नहीं बल्कि 2-2 नेशनल अवॉर्ड मिले हैं।इस फिल्म ने 1977 में हिंदी में बेस्ट फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बेस्ट स्क्रिप्टिंग के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था।

# कंतारा-2 उड़ा देगी होश जंगल में तैयार किया सेट

*नई दिल्ली। होम्बले फिल्म्स बिना किसी शक इंडियन सिनेमा में सबसे बड़ा प्रोडक्शन हाउस है। इस लीडिंग प्रोडक्शन हाउस ने अपने बैनर तले केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा- ए लीजेंड और प्रभास-प्रशांत नील की 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' जैसे ब्लॉकबस्टर के साथ इंडियन सिनेमा को बढ़ावा दिया है। उनका अगला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट, 'कंतारा- चैप्टर 1' है, जिसका फैंस और दर्शकों को बड़ी उम्मीदों के साथ बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़े हर नए अपडेट के साथ जनता में उत्साह बढ़ रहा है। हाल ही में आए नए अपडेट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। इसमें 20 दिन का शेड्यूल है। इस शेड्यूल में टीम जरूरी हिस्सों को जंगलों में शूट करेगी और यह खूबसूरत कुंडपुरा के कोस्टल रीजन में शूट होगा जो फिल्म की कहानी से मैच करेगा। 200 गुणा 200 फीट का एक विशाल सेट बनाया गया है और कुंडापुरा के निर्माण के लिए मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद से 600 बढ़ई और स्टंट मास्टर्स को काम पर रखा गया है।*



*मुंबई। इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' दर्शकों को खूब पसंद आई है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह अमर सिंह चमकीला पर आधारित एक बायोपिक फिल्म थी। अब इम्तियाज ने खुलासा किया कि वह एक प्रेम कहानी बनाना चहते हैं। यह प्रेम कहानी राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि राधा-कृष्णा की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की बात को इम्तियाज 2018 में ही कह चुके हैं।*

# 'राधा-कृष्ण' की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाएंगे इम्तियाज अली

एक इंटरव्यू के दौरान इम्तियाज ने कहा, 'मैं राधा-कृष्ण पर फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं उनकी कहानियों और पौराणिक कथाओं से बहुत प्रभावित हूं। लेकिन इसके लिए पहले मैं खुद को उस पद पर लाना चाहता हूं, ताकि मैं एक बेहतरीन फिल्म



बना सकूं। मुझे जरूरत है ऐसे दो किरदारों की जो राधा और कृष्णा के चरित्र को निभा सकें।' इम्तिजा ने आगे कहा, 'वह चाहते है कि यह फिल्म बनें और लोग इसके लिए दुआ करें, जो लोग इस फिल्म को देखना चाहते हैं। हो सकता है कि मैं उनकी दुआओं की वजह से ही यह फिल्म बना सकूं।' इम्तियाज की राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म में कौन अभिनय करेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। फिलहाल, अभी स्क्रिप्ट पर ही काम चल रहा है।

***2018 में की थी फिल्म बनाने की घोषणा :*** दरअसल, इम्तियाज अली ने 2018 में जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की घोषणा इंस्टाग्राम पर की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं हमेशा से ही राधा-कृष्णा की पौराणिक प्रेम कथा से प्रभावित रहा हूं। सभी भारतीयों के लिए ऐसी कोई और दूसरी कहानी नहीं होगी, जो कि उनके दिलों के करीब हो। मेरा सपना है कि मैं राधा-कृष्णा की दुनिया में पहुंच सकूं।' आगे इम्तियाज ने लिखा, ''इस प्रेम कहानी को रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनाया जाएगा।

# लौट आया है बाहुबली
## राजामौली ने दिखाई पहली झलक



**मुंबई।** लौट आया है वो सबको अपने खून से रंगने। दिलों को दहलाने वाला और दिलों पर राज करने वाला बाहुबली। निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म बाहुबली दर्शकों के दिलों पर इस कदर बस गई है कि वह आज भी इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट 'बाहुबली: द बिगनिंग' साल 2015 में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को इतनी पसंद आई की कई महीनों तक सिनेमाघरों में देखी गई। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'बाहुबली 2 द कॉन्क्लूजन' साल 2017 में आई और इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। अब निर्देशक राजामौली फिल्म बाहुबली की एनिमेटेड सीरीज लेकर आ रहे हैं।

***बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड :*** *निर्देशक एस एस राजामौली ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर इस सीरीज की घोषणा दी है। इस सीरीज का नाम है 'बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड'। यह एक एनिमेटेज सीरीज है। इस फिल्म की क्या कहानी होगी और इसके कलाकार कौन होंगे, अभी इस बात से पर्दा नहीं उठाया गया है। इसमें कौन से कलाकारों की आवाज और लुक को दिखाया जाएगा ये कहना मुश्किल होगा, लेकिन 'बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड' की अनाउंसमेंट के बाद फैन्स काफी उत्साहित हैं और इसकी कहानी जानने के लिए भी बेताब हैं।*

## खबर संक्षेप

### वयस्क टीकाकरण समय की मांगः केडिया

**रायगढ़।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत में वर्ष 2036 तक 50 साल से ऊपर के



लोगों की संख्या बढ़कर 40.4 करोड़ होने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में यह संख्या 26 करोड़ थी। वर्ष 2050 तक हर पांच में से एक व्यक्ति 50 वर्ष से अधिक उम्र का होगा। ऐसे में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बढ़ती उम्र की इस आबादी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। बढ़ती उम्र के साथ आने वाली प्रमुख चुनौतियों में निमोनियाए इन्फ्लूएंजा और शिंगल्स जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता है ये संक्रमण बुजुर्गों पर व्यापक शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभाव डाल सकते हैं शिंगल्स मूलतः पुराने चिकनपॉक्स वायरस की पुनः सक्रियता से होने वाला दर्दनाक संक्रमण है। यह संक्रमण पोस्टहेरपेटिक न्यूराल्जिया नाम की एक दर्दनाक जटिलता का कारण भी बन सकता है। लाइफवर्थ हॉस्पिटलए रायपुर के एमडी एवं सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण कुमार केडिया कहते हैं। वैसे तो बचपन में होने वाले टीकाकरण से बीमारी की व्यापकता में काफी कमी आई है लेकिन व्यस्कों के टीकाकरण के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता है। यह गलत धारणा है कि टीकाकरण केवल बच्चों के लिए है। 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को शिंगल्सए न्यूमोकोकल डिजीज और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों एवं उनकी गंभीर जटिलताओं से बचाने में टीकाकरण से बहुत लाभ हो सकता है।

### एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र को मिले 11 पुरस्कार



**रायगढ़।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के रवींद्र भवन में खनिक दिवस के शुभ अवसर पर एसईसीएल बिलासपुर द्वारा पारितोषिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसईसीएल बिलासपुर प्रबंधन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों को उनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। एसईसीएलए रायगढ़ क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ हेमंत शरद पांडेय साहब के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में रायगढ़ क्षेत्र को शिखर अवार्ड के अन्तर्गत बेस्ट एरिया, जामपाली उपक्षेत्र को बेस्ट ओपनकास्ट ग्रुप बी बरौद उपक्षेत्र को बेस्ट ओपनकास्ट ग्रुप सी तथा छाल ओसीए बरौद ओसीए बिजारी ओसी जामपाली ओसी को विभिन्न श्रेणियों में एक्सीलेंस अवार्ड से पुरश्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र को सीएसआर, राजभाषा एवं पब्लिक रिलेशन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया स जामपाली उपक्षेत्र के देवेंद्र कुमार को उनके डोज़िंग कार्यों के लिए बेस्ट डोज़र ऑपरेटर का पुरष्कार दिया गया।

### म्यूजिक कंसर्ट पर ज्योति की नृत्य प्रस्तुति

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन द्वारा सारंगढ़ में मतदाता जागरूकता म्यूजिक कंसर्ट का आयोजन सोमवार की शाम को किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत आदित्य देवांगन ने बांसुरी वादन से किया। सत्यम शिवम सुंदरम का शीर्षक गीत मैक्स और मार्टिन सोनी ने युगल प्रस्तुत दी। इसी प्रकार भाव्या अग्रवाल ने मोर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मध्य में सामूहिक रूप से मतदाता शपथ दिलाया गया और सुबह मतदाता दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ साथ मतदाता जागरूकता दूत के रूप में स्वच्छता दीदी, दूध, सब्जी विक्रेता सहित अन्य इच्छुक सहयोगियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

श्रम दिवस के बारे में मजदूरों को नहीं पता

# श्रमिक दिवस से नहीं कोई सरोकार हाड़-तोड़ मेहनत में बीत गया दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चिलचिलाती धूप में दो वक्त की रोटी के लिए मजदूर आज भी हाड़-तोड़ मेहनत करते रहे। इन मजदूरों को श्रमिक दिवस के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उनका कहना है कि परिवार के भरण-पोषण व पेट की आग बुझाने के लिए काम तो करना पड़ेगा। गौरतलब है कि बुधवार 1 मई मजदूर दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर मजदूरों के हित व उन्नति की बातें कही गई, लेकिन जिले के अधिकांश मेहनतकश मजदूर आज भी दो जून की रोटी के खातिर हाड़तोड़ मेहनत करते नजर आए। जिला मुख्यालय सहित आसपास शहरी क्षेत्रों में निर्माणाधीन भवन में आज भी काम चलता रहा और देहाड़ी मजदूर श्रमिक दिवस से दूर पसीना बहाते रहे। उन्हें यह तक मालूम नहीं था कि मजदूर दिवस आखिर होता क्या है। तपती धूप में दिनभर पसीने बहाने वाले मजदूरों को श्रमिक दिवस से कोई सरोकार नहीं रहा और न ही उन्हें श्रमिकों के हित में लागू शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी है।



काम करते मजदूर।

### पंजीयन तक सिमटा श्रम विभाग का काम

जिले के श्रम विभाग में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक श्रमिकों ने अपना पंजीयन कराया है, जिनमें महिलाओं की संख्या 1 लाख 10 हजार है तो वहीं पुरूष श्रमिकों की संख्या 40 हजार है। ऐसे में पुरूषों से अधिक महिलाओं ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन कराया है।

### बाल श्रम अब भी एक गंभीर समस्या

बाल श्रम अब भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। बहुत से बच्चों को मजबूरन पढ़ने-लिखने की उम्र से ही घर में आर्थिक समस्या के चलते घर की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। छोटे बच्चे मजबूरन होटल, दुकान, फुटपाथ आदि जगहों पर बाल श्रमिक के रूप में कार्य करते है। हालांकि इसके देखरेख के लिए एनजीओ भी संचालित किए जा रहे है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन आज भी बड़ी समस्या

शासन द्वारा कौशल विकास केन्द्र , महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य माध्यमों से आम लोगों को रोजगार एवं प्रशिक्षण के माध्यम से स्व रोजगार के लिए कई तरह के अभियान चलाए जा रहे है। बावजूद इसके आज भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग काम की तलाश में अन्य दूसरे राज्यों में पलायन कर जाते है। जिले के श्रमिक ज्यादातर कमाने-खाने के लिए जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य शहरों की ओर जाते है।

# हाईस्कूल के उन्नयन सहित अन्य मांगों को लेकर लोकसभा चुनाव बहिष्कार करेंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम बरगवां में हाई स्कूल के उन्नयन सहित अन्य मांगों के पूरा नहीं होने पर ग्राम वासियों द्वारा मतदान का बहिष्कार किए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। ग्राम पंचायत बरगवां के निवासियों के द्वारा बरगवां में स्थित हाई स्कूल के उन्नयन सहित अन्य मांगों के पूरा नहीं होने पर लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किए जाने के संबंध मे आज एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंपा गया।

ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत बरगवां में 2012-13 से शासकीय हाईस्कूल का का संचालन किया जा रहा है जहां बरगवां, कटघरी, कोटगढ़, महमदपुर, खटोला सहित अन्य ग्रामों के विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं। दसवीं कक्षा के बाद यहां के विद्यार्थियों को अकलतरा सहित अन्य स्थानों पर अध्ययन करने के लिए दूर जाना पड़ता है। हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययन के लिए अधिक दूरी तय करने में होने वाली समस्याओं को देखते हुए अधिकांश विद्यार्थियों के द्वारा पढ़ाई छोड़ दी जाती है जिससे उनका भविष्य संवर नहीं पता है साथ ही मुख्य मार्ग से आवागमन करने के चलते विद्यार्थी आए दिन दुर्घटना का शिकार भी होते हैं। इसी प्रकार पिछले 25 वर्ष से कर्रानाल से ठकुरदीया तालाब तक कृषि सिचाई योजना के तहत पानी की व्यवस्था करने की मांग को लेकर शासन प्रशासन से को अनेकों बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामवासी निराशा एवं दुखी हैं। उक्त दोनों मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किए जाने पर बरगवां के निवासियों के द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

# नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने वाला व सहयोगी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया पुलिस ने नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा कर दुष्कर्म करने वाला और उसके सहयोग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को बालिका के पिता द्वारा उसकी नाबालिक लड़की के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान नाबालिक के पिता ने बताया था कि 24 अप्रैल की शाम उसकी बेटी खरसिया जाने की बात कह कर घर से निकली थी और वापस नहीं आई। जिसके बाद नाबालिक के परिजनों ने ग्राम कुधरी डभरा निवासी कैलाश रौतिया पर नाबालिक लड़की को भगा ले जाने की शंका जाहिर की। जिसके बाद पुलिस ने संदेही कैलाश रौतिया पर धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गुम बालिका और संदेही की पताताजी की गई। 29 अप्रैल को पुलिस ने बालिका को उसके गांव से बरामद की गई। महिला पुलिस अधिकारी से कथन बालिका का कराया गया, जिसमें बालिका ने बताया कि पिछले साल रिश्तेदार की शादी में कैलाश रौतिया से उसकी जान पहचान हुई थी। दोनों मोबाइल पर बातचीत करते थे। कैलाश रौतिया घर मिलने के बहाने आता था और इसी बीच उसने शादी करने की बात कहकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। बालिका ने बताया कि 24 अप्रैल की दोपहर कैलाश उसके मामा बजरंग रौतिया के मोटर सायकल लेकर घर आया और खरसिया घूमने जाने की बात कह कर उसे उसके मामा बजरंग रौतिया के घर ले गया। उसके मामा बजरंग ने दोनों को पुसौर निवासी रिश्तेदार के घर जाने को कहा। जहां कैलाश रौतिया ने शादी का विश्वास देकर शारीरिक संबंध बनाया। थाने में रिपोर्ट होने और पुलिस की खोजबीन की जानकारी मिलने पर कैलाश रौतिया गांव में उसे छोड़कर भाग गया था। प्रकरण में धारा 366, 376 (2)द, 109 एवं 6, 17 पॉक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर खरसिया पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी कैलाश रौतिया उम्र 18 साल 8 माह, निवासी ग्राम कुधरी और बजरंग रौतिया पिता जोतराम रौतिया निवासी बानीपाथर खरसिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जहां न्यायाधीश द्वारा आरोपी और उसके सहयोगी का जेल वारंट जारी करने पर पुलिस ने आरोपियों को जेल दाखिल किया है



### शराब बेचते युवक व महिला गिरफ्तार, 110 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** अवैध शराब विक्रय की सूचना पर छापेमार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर आरोपी विधीभूषण नंदे उर्फ विक्की पिता सुभेन्द्र नंदे उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम देलारी से 41 पाव अंग्रेजी गोवा शराब एवं 200 पन्नी पाउच महुआ शराब कुल 40 लीटर जप्त किया है। वहीं ग्राम गेरवानी में चंदा यादव नाम की महिला द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय की सूचना पर आरोपिया चंदा यादव पति बोदू राम यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम गेरवानी को हिरासत में लिया गया। जिसकी निशानदेही पर उसके कोलाबाड़ी में अवैध बिक्री के लिए रखे 8 नग बीयर, 02 पाव अंग्रेजी शराब तथा 50 लीटर क्षमता वाली जरकिन में भरा 50 लीटर महुआ शराब एवं दो जरकिन में भरा 20 लीटर महुआ शराब बरामद करते हुए आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 43 पाव अंग्रेजी शराब, 8 नग बीयर और 110 लीटर महुआ शराब कुल कीमत 18 हजार का जप्त कर दोनों आरोपियों पर धारा 34(2) 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# साइबर सेल के पुलिस ने कार से जब्त किए साढ़े 18 लाख कैश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ एसपी शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंदेल, एसडीओपी अविनाश मिश्रा साइबर सेल एवं सभी थानेदारों को सघन निगरानी एवं जांच के आदेश दिए थे। क्योंकि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों ने अपनी ऊर्जा झोंकते हुए मतदाताओं के बीच अपनी पार्टी व स्वयं का एजेंडा प्रस्तुत करने में जुटे है। निर्वाचन ऑफिसर के साथ पुलिस एवं प्रशासन भी आचार संहिता के मद्देनजर चुनाव में अघोषित रकम खर्च करने, अवैधानिक रुप से परिवहन रोकने के लिए बेरियर पाइंट में मुस्तैदी से तैनात है। निगरानी दल और पुलिस विभाग की सक्रियता से क्रेटा कार से 18 लाख 50 हजार परिवहन कर ले जाते रायगढ़ के तीन व्यक्ति को पकड़ा गया है। जिनके कब्जे से रकम को जप्त कर साइबर टीम एवं थाना सरसींवा के प्रभारी एवं स्टाफ के द्वारा पकड़ कर एफएसटी टीम को आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रायगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सारंगढ़ जिले की साइबर पुलिस टीम व थाना सरसीवा एवं टीम के द्वारा जसप्रीत सिंह पिता स्व. सरबजीत सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी ढिमरापुर रायगढ़, अरविंद एक्का पिता किस्फोकर एक्का उम्र 40 वर्ष निवासी रामभाठा संजय नगर, सत्येंद्र विश्वकर्मा उर्फ सिकंदर पिता रामपाल विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष दीनदयाल कॉलोनी रायगढ़ के कब्जे से क्रेटा कार क्रमांक सीजी 13 ए वाई 3754 से नगदी 18 लाख 50 हजार रुपए जांच के दौरान बरामद किया है।



### दो समिति प्रबंधकों को किया निलंबित

**छाल।** धरमजयगढ़ ब्लाक के आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुड़ेकेला केंद्र के प्रबंधक मनसिंह राठिया द्वारा बेतहाशा संचालक मंडल के अंतिम कार्यकाल मई 2022 में नियम के विरुद्ध स्वयं एवं कर्मचारियों सहित वेतन वृद्धि किया गया जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई थी जिस कारण मनसिंह राठिया को समिति के कार्यवाही पंजी के अनुसार निलंबन की कार्यवाही किया गया। वही दूसरी कार्यवाही आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छाल समिति प्रबंधक ठंडाराम बेहरा द्वारा भी बेतहाशा नियम के विरुद्ध स्वयं एवं कर्मचारियों के वेतन वृद्धि किया गया साथ ही विभागीय स्वीकृति के बिना ग्राम बोजिया में शासकीय जमीन पर अवैध भवन निर्माण कराया था।

# जगन्नाथ मंदिर पुसौर में हनुमान चालीसा पाठ

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में वर्ष 2015 से लगातार प्रतिवर्ष हनुमान जयंती अथवा पणा संक्रान्ति के दिन पत्रकार संघ पुसौर के अगुवाई में जन सहयोग से 1008 बार हनुमान चालिसा का पाठ होता हुआ आ रहा था जो इस वर्ष अपरिहार्य कारणवश नहीं हो पाया और इस कार्यक्रम को बीते मंगलवार के शाम को संपन्न किया गया। जानकारी के मुताविक इसके लिए भगवान हनुमान के परम श्रद्धालु नेता प्रतिपक्ष उमेश साव सहित अन्य लोगों द्वारा हनुमान चालिसा पुस्तक को श्रद्धालुओं को देकर सुबह से निमंत्रित किया गया इसी कडी में गायत्री परिवार द्वारा संचालित व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर में पहुंचे लगभग 80 युवाओं को भी यह पुस्तक देकर हनुमान चालिसा पाठ के लिए निमंत्रित किया गया जो वहां के आचार्य किसलय किशोर के अगुवाई में 770 बार से अधिक चालिस पाठ हुआ। समूचे पाठकों का योग 1008 से अधिक बार से अधिक होने के बाद चालिसा के प्रत्येक दोहे का प्रबुद्ध रामायणी बल्लभ साव के सस्वर गायन और पंडित अक्षय कुमार सतपथी के आचार्यत्व में हवन हुआ और आरती पश्चात हनुमान रक्षा सूत्र वितरण के साथ प्रसाद बंटन कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

### चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेया को प्रथम स्थान

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था रोटरी क्लब आफ रायगढ़ ग्रेटर ने आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भव्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अप्रैल को चित्रकला प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमें 9वी से 12वीं तक के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया।

# विकास और उत्थान के लिए गारंटी चुनिए, जुमलेबाजी नहीं : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है कुछ भी अनर्गल बोल रहे हैं इनसे सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बात कहते हुए उन्हें दस साल हो गए लेकिन कांग्रेसमुक्त भारत तो नहीं बना लेकिन कांग्रेसयुक्त भाजपा जरूर बन गई। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संजय मैदान रामभांठा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जनसभा में पीएम और भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि बीजेपी वाशिंग मशीन है तो मोदी जी वाशिंग पावडर हैं। पहले ये भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं और जैसे ही वाशिंग मशीन रूपी भाजपा में शामिल होते हैं तो मोदी वाशिंग पावडर से पाक साफ हो जाते हैं। बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार आते ही चावल की मिलिंग में भ्रष्टाचार शुरू हो गया है। जब तक तीस रूपए प्रति क्विंटल का भोग नहीं लगताए तब तक डीओ नहीं कटता है। रायगढ़ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मेनका सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार की शाम रायगढ़ पहुंचे। वहीं रामभांठा स्थित संजय मैदान में उन्होने चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तिथि घोषित होने के पहले दो सीएम जेल भेजे गये जिसमें झारखण्ड के हेमंत सोरेन व दिल्ली के अरविन्द केजरीवाल शामिल हैं। उसके पहले कांग्रेस का खाता सीज कर दिया गया। भारत का संविधान कहता है कि चुनाव हो तो सभी पार्टी को मौका मिलना चाहिए लेकिन भाजपा जो नेता प्रभावशाली है उसके खिलाफ ईडी आईटी के मार्फत छापा मार रही है। मैं धन्यवाद देता हूं सुप्रीम कोर्ट का जिन्होंने एसबीआई को 6 माह के बजाय सप्ताह भर में लिस्ट जारी करने का निर्देश दिया। इस लिस्ट में सभी राजनितिक दलों के चंदा का हिसाब है।

# रेल रोकने के पुराने मामले में पूर्व विधायक गिरफ्तार व रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेल रोको के पुराने मामले में बीते दिन रेल सुरक्षा बल ने रायगढ़ के पूर्व विधायक को समंस भेज कर थाने बुलाया और उनकी गिरफ्तारी की गई।

जमानतदार पेश करने पर उन्हें जमानती मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल 24 को रेसुब पोस्ट रायगढ़ में पूर्व में दर्ज विगत 13 सितंबर 2023 धारा 174,1,147 रेल अधिनियम पंजीबद्ध मामले में पूर्व विधायक प्रकाश नायक कांग्रेस पार्टी रायगढ़ एवं उनके सहयोगी हयातुल्ला को गिरफ्तार किया और जमानत पर छोड़ दिया गया। पूर्व में दर्ज 13 सितंबर 2023 धारा 174, 1,147 रेल अधिनियम पंजीबद्ध मामले के जांच के क्रम में 13 सितंबर 2023 को रेल गाड़ियों को रद्द किए जाने लेटलतीफी चलने के विरोध में किये गये प्रदर्शनकारियों को पहचान उपरांत रेसुब पोस्ट रायगढ़ में उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने के लिए समंस जारी किया था। समंस के अनुपालन में 29 अप्रैल को पूर्व विधायक कांग्रेस पार्टी रायगढ़ प्रकाश नायक, हयातुल्ला खान साबरी, रेसुब पोस्ट रायगढ़ में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराए, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उक्त दिनांक को रेल रोको आंदोलन में शामिल होना स्वीकार किए।

# कन्या शाला घरघोड़ा में पालक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला घरघोड़ा में 30 अप्रैल को जिला कार्यालय के मार्गदर्शन में पालकों छात्राओं के मध्य परीक्षा फल को लेकर उपजती तनाव को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया।

प्रतिकूल परीक्षा फल को लेकर विद्यार्थी तनाव ग्रस्त रहते हैं एवं कभी कभी आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। इसको लेकर विद्यालय परिसर में आज कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें संस्था के प्रभारी प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा ने शासन द्वारा परीक्षा प्रक्रिया को लेकर शासन द्वारा किए जा रहे सरलीकरण, सफलता के विविध अवसर उपलब्ध करने की योजनाए दक्षता के आधार पर नौकरियों में समान अवसर की उपलब्धता पर अपना उद्बोधन दिया। पालकों से अनुरोध किया की परिवार में अपने बच्चों से सौहार्द वातावरण बनाए रखें एवं शिक्षा प्राप्ति में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी स्थापित करें। बोर्ड परीक्षा प्रभारी व्याख्याता विजय पंडा ने विगत वर्षों में छात्राओं द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर एवं दक्षता प्राप्त छात्राओं को प्राप्त सेवा का अवसर का विवरण देते हुए कहा की छात्राओं के सम्मुख चुनौतियों के अवसर आते हैं एवं उसको धैर्य पूर्वक सामना करना है जिसमें पालकों का सहयोग आवश्यक बताया। उनके द्वारा परीक्षा में सफलता के बिंदुओं को छात्राओं पालकों के सम्मुख रखा गया। शिक्षक विजय पंडा ने कहा की जीवन के धरातलीय भूमि पर परीक्षा में प्राप्त अंक ही पर्याप्त नहीं हैं।







